राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in *दूरभाष नं. 0141–2722520*

क्रमांकः प.14(103)RSSB/अर्थना/मा.शि./पु.अ.ग्रेड–।।।/भर्ती/2022/843 दिनांक : 15/9/22

–:: कार्यालय आदेश ::–

पुस्तकायलयाध्यक्ष ग्रेड–।।। सीधी भर्ती–2022 की परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.09.2022 को किया गया है। उक्त भर्ती में आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन फार्म में संशोधन हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 17.09.2022 से दिनांक 26.09.2022 रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु विकल्प खोला जा रहा है।** आवेदक कृपया ध्यान दें की ऑनलाईन आवेदन पोर्टल पर OTR(One Time Registration) प्रणाली लागू की जा चुकी है। अतः आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, जन्म दिनांक, लिंग, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन **प्रतिबंधित** रहेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा मूल श्रेणी, उप श्रेणी, विशेष श्रेणी, वैवाहिक स्थिति आदि में निर्धारित शुल्क का भुगतान कर संशोधन किया जा सकेगा। आवेदक के नाम, आवेदक के माता/पिता के नाम, जन्म दिनांक, लिंग, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **अतः कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाईन संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं करें।** उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में कोई ऑफलाईन प्रार्थना पत्र संशोधन हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(सुनील पूनियां)
सचिव